# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक: BRLPS-LSBA/Proj/3217/739 दिनांक: 08/10/18

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह,बि०प्र०से०,
प्रशासी पदाधिकारी सह राज्य समन्वयक

सेवा में,

**सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

**विषय: - त्यौहारों के दौरान विभिन्न स्तरों पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों में IEC एवं BCC गतिविधियों के कार्यान्वयन हेतु सुझाव ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वारा 31 मार्च 2019 तक बिहार को खुले में शौच से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल कार्यान्वयन एवं तय समय पर लक्ष्य प्राप्ति हेतु जिला, प्रखण्ड एवं पंचायत स्तरों पर IEC एवं BCC गतिविधियों का सतत संचालन किया जा रहा है।

वर्तमान अक्टूबर एवं आगामी नवंबर माह में होने वाले महत्वपूर्ण त्यौहारों जैसे दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ को ध्यान मे रखते हुए स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार की IEC एवं BCC गतिविधियों का प्रभावी कार्यान्वयन किया जाना उचित होगा, जिसमें आम जन मानस को व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रेरित किया जाए।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि संलग्न सुझावों के आधार पर IEC एवं BCC गतिविधियों को क्रियान्वित कराया जा सकता है, जिसका व्यय SBM-IEC मद से किया जाएगा एवं व्यय विवरणी के साथ प्रतिवेदन स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के वेवसाइट पर आई.एम.आई.एस. पर भी स-समय अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाये।

अनुलग्नक: यथोक्त।

विश्वासभाजन

8/10/18

(राजीव कुमार सिंह)

प्रतिलिपि:- सभी ज़िला समन्वयक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, बिहार को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:- सभी ज़िला पदाधिकारी-सह- अध्यक्ष ज़िला जल एवं स्वच्छता समिति को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:- सचिव, ग्रामीण विकास विभाग को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

8/10/18

(राजीव कुमार सिंह)

विभिन्न त्यौहारों के अवसर पर कार्यान्वित की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में सुझाव

1. साफ सुथरे एवं पर्यावरण के अनुकूल वातावरण में कार्यक्रम आयोजित करने हेतु शुभकामना युक्त प्रेरक संदेशों का प्रसारण स्थानीय रेडियो, टी0 वी0, एवं समाचार पत्रों के माध्यम से कराया जाए।
2. सभी पूजा समितियों को पूजा मंडप एवं आस-पास के क्षेत्रों में पूर्ण स्वच्छता (यथा, अस्थायी शौचालय एवं मूत्रालय का निर्माण, कूड़ादानों की समुचित व्यवस्था एवं उनकी साफ-सफाई) सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए।
3. समय-समय पर पूजा मंडपों से स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया जाए।
4. त्यौहारों के दौरान आयोजित होने वाले रात्री जागरण एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मंच से स्वच्छता संबंधी प्रेरक संदेश प्रसारित किया जाए।
5. पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित करने वाली पूजा समितियो को पुरस्कृत किया जा सकता है।
6. विसर्जन के दौरान एवं छठ पर्व पर घाटों पर पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित की जाए।
7. कार्यक्रम हेतु बने पंडालों, सामुदायिक भवनों के साथ अन्य आयोजन स्थलों, मेला, हाट और स्थानीय बाजारों में स्वच्छता से संबंधित बैनर/ होर्डिंग लगवाई जाए।
8. लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की जानकारी देने हेतु सहायता सह संपर्क केंद्र लगाया जा सकता है।
9. स्वच्छता से संबंधित लघु फिल्मों का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारण एवं नुक्कड़ नाटक/ सांस्कितिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा सकता है।
10. क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न पदाधिकारियों को नामित कर IEC एवं BCC गतिविधियों का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण कराया जाये।

जिला पदाधिकारी द्वारा स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल गतिविधियों में परिर्वतन कर कार्यान्वयन किया जा सकता है।

8/x/18